## अगर मौका मिले तो दोबारा बनाना चाहूंगा अशोका



ऐक्टर शाहरुख खान ने यह साबित कर दिया है कि वह मल्टीटास्कर हैं। वह न केवल फिल्मों में ऐक्टिंग कर लेते हैं बल्कि उन्होंने कई फिल्मों को प्रड्यूस भी किया है। हाल में मीडिया से बात करते हुए जब शाहरुख से उनके फ्यूचर प्लान के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हमने अगले 2 साल में लगभग 9-10 फिल्में प्रड्यूस करने का निर्णय लिया है। मैं इन सभी फिल्मों में ऐक्टिंग तो नहीं कर पाऊंगा लेकिन हम हमेशा कुछ नया करने की कोशिश करेंगे। आज हमारी फिल्में अच्छा बिजनस कर रही हैं, कल हो सकता है कि वह सब फ्लॉप हो जाएं लेकिन इतना तय है कि हम कोशिश करना नहीं छोड़ेंगे। शाहरुख ने बॉलिवुड में स्पेशल इफेक्ट की शुरुआत के बारे में बात करते हुए कहा, मैं समझ सकता हूं कि हमारे पास इतना बजट नहीं होंता कि हम हॉलिवुड फिल्मों की तरह खर्च कर सकें। आज मेरे पास एक अच्छी टीम है जो मेहनत से फैन आनंद एल राय की फिल्म के लिए वीएफएक्स पर अच्छा काम करती है। इस बारे में कुछ साल पहले बॉलिवुड में कोई सोच भी नहीं सकता था। फैन के जरिये हमने इंडिया में एक नई तकनीक सामने रखी है। हालांकि फिल्म सफल नहीं हुई लेकिन हमारी टीम ने अच्छा काम किया था। मैं अब इस पोजिशन में हूं कि ऐसे फैसले ले सकता हूं जिनमें फेल होने के काफी चांस होते हैं। शाहरुख ने कहा, मुझे अपनी फिल्म अशोका बनाने में काफी मज़ा आया था। अगर मुझे एक और चांस मिले तो इस फिल्म को एकबार फिर बनाना चाहूंगा। तब यह फिल्म और बड़ी और भव्य होगी। शायद अच्छे फिल्म ऐसी बनेगी जैसी कि अभी तक हिंदी सिनेमा में न बनी हो। उन्होंने कहा, हमने अशोका को 8 करोड़ के बजट में बनाया था। तब हम वीएफएक्स और स्पेशल इफेक्ट के बारे में ज्यादा नहीं जानते थे। आज, सोचिए कि बड़े बजट और स्पेशल इफेक्ट से यह फिल्म कैसी बनेगी। मैं हमेशा ऐसी पावरफुल वॉर स्टोरीज़ की तरफ हमेशा आकर्षित रहता हूं। निश्चित तौर पर मैं अशोका दोबारा बनाना चाहूंगा।

## अपनी अगली फिल्म को लेकर नर्वस हैं मनोज बाजपेयी



नैशनल अवॉर्ड विनर ऐक्टर मनोज बाजपेयी अपनी अगली फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। उनका कहना है कि उत्साहित होने के साथ-साथ इस प्रोजेक्ट को लेकर वह काफी नर्वस भी हैं। हाल में मीडिया से बात करते हुए मनोज ने कहा, मैं एक महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट में काम करने जा रहा हूं। इस फिल्म को मैं पिछले 3-4 साल से करना चाहता था लेकिन इसकी कहानी ऐसी थी कि कोई भी इसे फाइनैंस करने के लिए तैयार नहीं था। अब हमें एक ऐसे प्रड्यूसर मिल गए है जो इस फिल्म को फाइनैंस करने के लिए तैयार हो गए। इस फिल्म को लेकर मैं काफी नर्वस हूं। पिछले महीने ही मनोज बाजपेयी की फिल्म रुख रिलीज़ हुई है जिसे आलोचकों से काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। इसके अलावा मनोज फिल्म बाग़ी के सीक्वल में भी काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया, बाग़ी-2 में, मैं एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा हूं। इस फिल्म की शूटिंग दिसंबर में शुरू होगी और जनवरी में खत्म हो जाएगी। बाग़ी-2 के अलावा मनोज युवा ऐक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नीरज पांडे की फिल्म अय्यारी में भी नज़र आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग दिल्ली, लंदन और कश्मीर में हुई है। यह फिल्म 2 आर्मी अफसरों की जिंदगी पर आधारित है जिनके विचार एक-दूसरे के विपरीत हैं। यह फिल्म एक सच्ची कहानी पर आधारित है जिसमें गुरु-शिष्य के बीच का रिश्ता दिखाया जाएगा।

## फिर साथ आएंगे अनिल कपूर और माधुरी दीक्षित



पुकार, राम लखन और तेजाब जैसी फिल्मों के जरिए बॉलिवुड में धूम मचाने वाली अनिल कपूर और माधुरी दीक्षित की जोड़ी एक बार फिर से नई फिल्म के जरिए अपने प्रशंसकों का मनोरंजन करने आ सकती है। फिल्ममेकर इंद्रा कुमार इन दोनों को लेकर एक फिल्म बनाने की सोच रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, धमाल सीरीज की तीसरी फिल्म टोटल धमाल के लिए इन दोनों कलाकारों से संपर्क किया गया है। इस फिल्म में अजय देवगन, रितेश देशमुख और अरशद वारसी जैसे कलाकारों का नाम पहले शामिल किया जा चुका है। माधुरी के साथ बेटा, दिल और राजा जैसी फिल्मों में काम कर चुके इंद्रा कुमार माधुरी से बात कर रहे हैं। अगर ऐसा होता है तो यह सफल जोड़ी धमाल सीरीज की इस फिल्म में चार चांद लगाने का काम करेगी। अनिल कपूर फिलहाल ऐश्वर्या राय के साथ फिल्म फन्ने खां में काम कर रहे हैं।

## फन्ने खां के लुक को लेकर ऐश्वर्या की है खास तैयारी

ऐश्वर्या राय बच्चन की खूबसूरती के चर्चे तो उनके मिस इंडिया बनते ही होने लगे थे और जब मिस वर्ल्ड का खिताब उनके माथे पर सजा, तो दुनिया ने भी उनकी खूबसूरती के आगे घुटने टेक दिए थे। बहरहाल आज भी उनकी सुंदरता के आगे कई नई आई ऐक्ट्रेसों का भी जलवा फीका जान पड़ता है। मगर दिलचस्प बात है कि ऐश्वर्या को भी अब अपने इस ग्लैमरस अवतार को बनाए रखने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। ऐसा सुनने में आया है कि हमेशा फिट और अपने लुक को लेकर पर्फेक्शन का ध्यान रखने वाली मिसेज बच्चन को प्रेग्नेंसी के बाद से अपना वजन घटाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस बारे में कई ऐसी भी रिपोर्ट आ रही हैं कि अपनी आने वाली फिल्म फन्ने खां के लिए खास तौर से ऐश्वर्या केरला से मंगवाए स्लिमिंग



ऑयल का इस्तेमाल कर रही हैं। रिपोर्टों की माने तो बच्चन परिवार के घरेलू सामानों के लिए इन दिनों कई बड़े-बड़े पैकेट मसालों और तेल के लिए आ रहे हैं। जिनमें टोनिंग और स्लिमिंग ऑयल के पैकेज भी होते हैं, जिनको अपनी हर फिल्म से पहले ऐक्ट्रेस ऑर्डर किया करती हैं। बहरहाल फिल्म ऐ दिल है मुश्किल में ऐश्वर्या का गजब का ग्लैमरस अवतार देखने के बाद अब उनके फैंस, उनकी अगली फिल्म फन्ने खां का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जिसमें की वह राजकुमार राव और अनिल कपूर के साथ रोमांटिक अंदाज में नजर आ सकती हैं।

## इत्तेफाक का विश्लेषण करना जल्दबाजी होगी:अक्षय खन्ना



अभिनेता अक्षय खन्ना की वापसी की फिल्म इत्तेफाक की समीक्षकों ने सराहना की है, लेकिन बॉक्स-ऑफिस पर फिल्म का संग्रह उतना अच्छा नहीं रहा. वहीं शनिवार को अक्षय ने कहा कि संग्रह के आधार पर फिल्म का विश्लेषण करना जल्दबाजी होगी. फिल्म की रिलीज के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में सोनाक्षी सिन्हा और सिद्धार्थ मल्होत्रा जैसे सह-कलाकारों के साथ उन्होंने कहा, फिल्म का या बॉक्स ऑफिस का अभी विश्लेषण करना जल्दबाजी होगी. यह शुक्रवार को रिलीज हुई, लेकिन प्रारंभिक प्रतिक्रिया सकारात्मक रही, इसलिए इसका विश्लेषण बाद में करेंगे, लेकिन अभी यह अत्यंत सकारात्मक है. इत्तेफाक वर्ष 1969 की इसी नाम की हिट फिल्म का रीमेक है. यह धर्मा प्रोडक्शंस, रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और बी.आर. स्टूडियो के बैनर तले बनी है. वहीं अक्षय का कहना है कि फिल्म के लिए कोई झगड़ा नहीं है. उन्होंने कहा, कभी-कभी झगड़े होते हैं, लेकिन इस फिल्म में ऐसा कुछ भी नहीं हुआ. सब कुछ समान्य तरीके से हुआ. शाहरुख खान और करण जौहर अच्छे दोस्त हैं और बीआर स्टूडियो के साथ उनका अद्भुत संबंध है और सभी खुश हैं. अक्षय ने फिल्म का प्रचार कम करने का फैसला किया था, जिससे दर्शक फिल्म का पहला प्रोमो देखकर ही फिल्म देखने का निर्णय ले सकें. उन्होंने कहा, पहले दर्शक फिल्म का प्रोमो देखें. वे अपना मन बनाएं कि उन्हें फिल्म देखनी चाहिए या नहीं. फिल्मों के बारे में अक्षय ने कहा कि वह अन्य फिल्मों पर भी काम कर रहे हैं और जल्द ही उनकी घोषणा करेंगे.

## सपना चौधरी को मिली बॉलीवुड में एंट्री



बिग बॉस को टीवी की दुनिया का सबसे विवादित शो माना जाता है, लेकिन यह कहना बिल्कुल सही होगा कि बिग बॉस में जाने के बाद कई लोगों की किस्मत के सितारे चमक जाते हैं. बिग बॉस 10 का हिस्सा बने मनु पंजाबी, मनवीर गुर्जर और नितिभा कौल की लाइफ भी बिग बॉस में आने के बाद बहुत बदल गई है और इसमें एक नया नाम हरियाणवी डांसर सपना चौधरी का भी जुड़ गया है. फिलहाल सपना बिग बॉस के घर में हैं, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बिग बॉस 11 में जाने से पहले ही सपना को बॉलीवुड में ब्रेक मिल गया था. हरियाणवी गानों पर डांस करके फेमस हुई सपना बॉलीवुड की फिल्म जर्नी ऑफ भैंगओवर के लव बाइट गाने में अपना जलवा बिखेरती नजर आएंगी. गाने का टीजर टी-सीरज के बैनर के साथ रिलीज हो चुका है. बता दें, सपना ने अपने बेहद कम उम्र में डांस को अपना करियर बना लिया था. उनको बचपन के समय से ही डांस करना बेहद पसंद था. हरियाणा के रोहतक में जन्मी सपना को आए दिन अलग-अलग शहरों में लाइव शो करती रहती हैं. सपना का सलिड बॉडी नाम के गाना लोगों के बीच काफी फेमस हुआ था.

## साहो के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं नील नितिन मुकेश





प्रभास अभिनीत साहो के साथ तेलुगू फिल्म उद्योग में कदम रख रहे अभिनेता नील नितिन मुकेश फिल्म के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं. नील ने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीर साझा करते हुए लिखा, जोरशोर से प्रशिक्षण जारी. एक्शन, साहो जिम, फिटनेस. साहो की शूटिंग हिंदी, तमिल और तेलुगू में एक साथ हो रही है. यह फिल्म मारधाड़ के दृश्यों से भरपूर होगी. यूवी क्रिएशंस के विक्रम, प्रमोद और वामसी द्वारा निर्मित फिल्म में जैकी श्रॉफ, मंदिरा बेदी और अरुण विजय जैसे कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं.वहीं, इस फिल्म के एक एक्शन सीन की शूटिंग अबू धाबी में होने जा रही है. यह सीन 15 से 20 दिनों में पूरा होगा. ट्रांसफॉर्मर्स, मिशन इम्पॉसिबल, रश ऑवर और आमेर्गाडन जैसी कई हॉलीवुड फिल्मों पर काम कर चुके एक्शन कोरियोग्राफर केनी बेट्स इस फिल्म में भी अपना दमखम दिखाने के लिए तैयार हैं।

## धोनी एक बीती हुई कहानी है




आने वाली फिल्म जूली 2 रिलीज़ से पहले ही काफी चर्चा में आ गई है। इस फिल्म से बॉलिवुड में डेब्यू कर रहीं साउथ की मशहूर ऐक्ट्रेस राय लक्ष्मी के बोल्ड सीन सुर्खियों में हैं। हाल ही में हमने उनसे बातचीत की : आपकी फिल्म के डायरेक्टर ने धोनी के साथ आपके कथित अफेयर की खबरों की वजह से आपको पहचाना था। जब लोग बार-बार आपका नाम धोनी के साथ जोड़ते हैं, तो क्या आपको कोफ्त होती है? मैंने इस पर कभी बात नहीं की है, लेकिन पता नहीं क्यों सारे न्यूज वाले यही जानना चाहते हैं कि उस वक्त क्या हुआ था। उनको यह जानने में कोई इंट्रेस्ट नहीं है कि अभी मेरी जिंदगी में क्या हो रहा है। हर कोई इसी कशमकश में है कि राय लक्ष्मी को साउथ की ऐक्ट्रेस के रूप में इंट्रोड्यूज करें या उनके पास्ट में जाकर धोनी के साथ उनका नाम जोड़कर उन्हें प्रमोट करें। वे सोचते हैं कि यह पास्ट वाली चीज ज्यादा अच्छी है, क्योंकि फिर इससे उन्हें हेडलाइन मिल जाएगी और इस बारे में बहुत चर्चा होगी। मगर मैं इस बारे में सिर्फ यही बोलना चाहूंगी कि एक बीती हुई कहानी, जो अब फेडआउट हो चुकी है, उसे फिर से लाइमलाइट में लेकर आने का क्या फायदा है। गूगल तो सबकी हिस्ट्री दिखा देता है और मैंने भी कभी कुछ छुपाया नहीं था। जो चीजें अब मेरी जिंदगी में नहीं हैं, उनके बारे में अब बात करने का क्या फायदा है। हर किसी का एक पास्ट होता है। उसे वैसे ही रहने दें, तो बेहतर है। अपने बॉलिवुड डेब्यू को लेकर आप कितनी नर्वस या कितनी कॉन्फिडेंट हैं? मैं इसे लेकर सुपर एक्साइटेड हूं, क्योंकि बॉलिवुड में यह मेरी डेब्यू फिल्म है। वहीं अगर साउथ की फिल्मों को मिला लें, तो यह मेरी 50वीं फिल्म होगी। जूली 2 एक बेहद ही मजबूत कॉन्टेंट वाली फिल्म है और मैं खुद को खुश नसीब समझती हूं कि मुझे यह रोल प्ले करने का मौका मिला है। एक बोल्ड फिल्म से बॉलिवुड में डेब्यू करने के बाद क्या आपको टाइपकास्ट होने का डर नहीं है? मुझे इसकी टेंशन नहीं है। इसका कारण यह है कि बॉलिवुड के लिए भले ही मैं नई हूं, लेकिन साउथ में मैंने काफी काम किया हुआ है। यहां के लोगों ने भी मेरी साउथ की कई फिल्में देखी होंगी। उन्होंने मुझे अलग-अलग किरदार निभाते भी देखा होगा। हां, जिन्होंने मेरा काम नहीं देखा होगा, वे जरूर ऐसा सोच सकते हैं कि मैं केवल बोल्ड रोल के लिए ही फिट रहूंगी। टाइपकास्ट वाली सिचुएशन तब आती है, जब आप कोई रोल करें और फिल्म हिट होने के बाद इंडस्ट्री के लोग आपके साथ उसी तरह के किरदारों को दोहराने लगें, क्योंकि वे फिर सेफ गेम खेलना पसंद करते हैं। जूली 2 में कास्टिंग काउच का जिक्र किया गया है। क्या आप भी मानती है कि इंडस्ट्री में वाकई कास्टिंग काउच जैसी कोई चीज है? कुछ हद तक तो है, लेकिन हर कोई इसी रास्ते से इंडस्ट्री में नहीं आता है। इंडस्ट्री में कुछ लोग ऐसे भी हैं, जिन्हें उनके टैलंट की वजह से काम मिला है। कुछ मेकर्स हैं, जो अपने किरदार के साथ किसी तरह का समझौता नहीं करते हैं। वहीं दूसरी ओर आज कॉम्पिटिशन इतना बढ़ रहा है कि हर किसी को कुछ न कुछ बनना है। इस वजह से शोषण भी बढ़ा है। कुछ लोगों की वजह से बाकी के लोगों को भी इसका हर्जाना भुगतना पड़ता है। कोई लड़की अगर अपनी मेरिट से और मेहनत से आगे बढ़ती है, तो उसे भी शक की निगाहों से देखा जाता है और कहा जाता है कि इसने जरूर कोई समझौता किया होगा। अगर कोई एक-दो इंसान इसमें शामिल होते हैं, तो पूरी इंडस्ट्री को गंदा करार दे दिया जाता है, जो कि बिल्कुल गलत है। क्या आपको कभी ऐसी किसी स्थिति से गुजरना पड़ा? नहीं, मेरा अपना स्ट्रगल रहा है। मैं खुद को उन खुशनसीबों में से एक मानती हूं, जिन्हें इंडस्ट्री में बिना कास्टिंग काउच से गुजरे ब्रेक मिल गया। हालांकि पहले ब्रेक के बाद मेरा स्ट्रगल शुरू हो गया था। कई लोग इनडायरेक्ट तरीके से मुझे अप्रोच किया करते थे। मगर यह आप पर निर्भर करता है कि आप उन पर ध्यान देते हैं या फिर अनजान बनकर ऐसी चीजों को इग्नोर करते जाते हैं। ऐसे में आपके हाथों से कई अच्छे मौके छूटते भी हैं, लेकिन इसका मलाल मुझे कभी नहीं रहा। यही वजह है कि मुझे अपनी पहचान बनाने में काफी समय लगा, लेकिन आज मुझे खुद पर गर्व है कि मैं जो कुछ भी हूं, अपनी मेहनत की वजह से हूं।

## बॉलीवुड में सभी तरह की भूमिकाएं चाहती हुं: श्वेता चौधरी



मिस इंडिया अर्थ 2017 की विजेता श्वेता चौधरी का कहना है कि वह बॉलीवुड में सभी तरह की भूमिकाएं निभाने के लिए तैयार हैं। श्वेता ने कहा, ''मैं मिस इंडिया अर्थ हूं और हां, मैं मां की भूमिका सहित हर तरह के किरदार निभाने के लिए तैयार हूं।''प्रशिक्षित कथक नर्तकी, समग्र चिकित्सा एवं पोषण विशेषज्ञ श्वेता दो बच्चों की मां हैं। प्रतियोगिता जीतना उनके लिए काफी मायने रखता है, क्योंकि इससे वह अधिक सामाजिक कार्यों में शामिल हो सकती हैं, जो उनके लिए खास है। उन्होंने स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद मॉडलिंग में करियर बनाने के लिए मुंबई का रुख किया। वह एक सफल अभिनेत्री बनना चाहती थीं, लेकिन पिता के निधन ने उनकी जिंदगी बदल दी और वह एक इंजीनियरिंग फर्म से जुड़ गई। वह वर्ष 2007 में अमित चौधरी के साथ शादी के बंधन में बंधीं। श्वेता ने जून 2018 में लास वेगास में होने वाले मिस अर्थ प्रतियोगिता में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## सोनाक्षी ने किया खुद के बारे में चौंकाने वाला खुलासा



अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा का कहना है कि अपने सह-कलाकार के साथ कामोत्तेजक दृश्यों की शूटिंग के दौरान वह असहज महसूस करती हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा और अक्षय खन्ना के साथ सोनाक्षी आगामी फिल्म 'इत्तेफाक' के प्रचार के लिए स्पेशल शो 'इंटेरोगेशन विद करण जौहर' में दिखाई दीं। फिल्म में सिद्धार्थ को लुभाने के दृश्य के बारे में पूछे जाने पर सोनाक्षी ने कहा, ''हर कालाकार के लिए एक चीज जरूर होती है, जिसमें वे असहज होते हैं। चाहे वह कॉमेडी हो, भावनात्मक दृश्य हों या कामोत्तेजक दृश्य हों।''उन्होंने कहा, ''मैंने बेहद असहज थी। मैं अच्छी कलाकार हूं, इसलिए ऐसा नहीं दिख रहा था।'' सोनाक्षी ने शो में खुलासा किया कि अभिनेता ऋतिक रोशन उनका क्रश थे। उन्होंने कहा,''वह(ऋतिक) स्कूल में मेरा पहला क्रश थे और जब उनकी फिल्म रिलीज होती थी, तो मैं बहुत खुश हुआ करती थी। वह एकमात्र अभिनेता थे, जिनका पोस्टर मेरे कमरे में था और मैं रोजाना अपने घर के एक लडके को अलग-अलग पोस्टरों पर उनके ऑटोग्राफ लाने के लिए भेजती थी। वही एकमात्र ऐसे अभिनेता हैं, जिनके साथ मैंने ऐसा किया।'''इत्तेफाक' शुक्रवार को रिलीज हुई।

## फिल्म इंडस्ट्री के बारे में बदला है लोगों का नजरिया: विद्या बालन



विद्या बालन शनिवार को गुजरात के कच्छ के रण में आयोजित रण फेस्टिवल में पहुंचीं। अपनी आगामी फिल्म तुम्हारी सुलु के गाने हवा हवाई 2.0 के बारे में मीडिया से बातचीत करते हुए विद्या ने कहा, मैंने सोचा कि यह गाना श्रीदेवी का है और मैं इससे ही डर गई लेकिन तब मुझे लगा कि हम इसे एक ऑफिस में शूट करेंगे और इसे रीक्रिएट नहीं करेंगे। मैंने जिंदगी भर इस गाने पर डांस किया है और इस बार भी इसकी शूटिंग में काफी मजा आया। एंटर टेनमेंट इंडस्ट्री में करियर स्कोप के बारे में बात करते हुए हाल ही में केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की सदस्य बनी विद्या ने कहा, हर जगह अच्छे और बुरे लोग होते हैं। इंडस्ट्री के बारे में लोगों का नजरिया अब बदला है। मैं इंडस्ट्री में 12 साल से हूं और मैं सिर्फ अच्छे लोगों से ही मिली हूं, कई सारे लोग ऐसे भी हैं जो अच्छे लोगों से नहीं मिले हैं लेकिन यह सब किस्मत का मामला है। बता दें कि शनिवार सुबह विद्या बीएसएफ जवानों के सम्मान समारोह के लिए रवाना हो गई थीं। इसी दौरान वह अपनी फिल्म तुम्हारी सुलु का भी प्रचार करेंगी। विद्या बीएसएफ जवानों के साथ कुछ वक्त बिताएंगी और फेस्टिवल में होने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों को भी देखेंगी।

## कटरीना और अनुष्का के साथ काम करना चाहते हैं अर्जुन

कपूर अर्जुन कपूर जो अपनी पिछली फिल्म हाफ गर्लफ्रेंड में दिखाई दिए थे, ने अपनी यह इच्छा जताई है कि वह अनुष्का शर्मा और कटरीना कैफ जैसी ऐक्ट्रेस के साथ काम करना चाहते हैं। हाल में मीडिया में आई खबरों के मुताबिक अर्जुन ने कहा, अनुष्का शर्मा एक ऐसी ऐक्ट्रेस हैं जिनके साथ मैं काम करना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि आप सभी उनकी फिल्मों के लिए मेरा नाम सुझाएं, चाहे वह ऐसी किसी फिल्म को प्रड्यूस ही क्यों न कर रही हों। अर्जुन ने आगे कहा, मैं अनुष्का को काफी सालों से जानता हूं और फिल्म ऐसी होनी चाहिए जो हमारी दोस्ती को सही मायने में सामने रख सके कि हम सालों से एक-दूसरे के दोस्त हैं। अनुष्का ने फिल्म इंडस्ट्री में अपना एक खास मुकाम बनाया है।बता दें कि इससे पहले करण जौहर के टॉक शो कॉफी विद करण में भी अर्जुन, कटरीना और अनुष्का एक साथ पहुंचे थे जिसमें इन के बीच अच्छी ट्यूनिंग देखने को मिली थी।